जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा-2/गोप0/2018/1003 दिनांक : 14.08.2018

प्रति,

प्राचार्य
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय शिक्षा महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, परिक्षेत्र ग्वालियर (म0प्र0)

विषय :- बी.एड. तथा एम.एड. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जून, 2018 की प्रायोगिक परीक्षाएं सम्पन्न कराकर अंक ऑनलाईन अपडेट करने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि विश्वविद्यालयीन बी.एड. तथा एम.एड. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जून, 2018 की प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र की सूची विश्वविद्यालय की बेबसाईट पर प्रसारित की जा चुकी है। इस हेतु बाह्य परीक्षक के नाम संबंधित प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र एवं संबंधित बाह्य परीक्षक को भेजे जा चुके है।

यदि किसी कारणवश संबंधित प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र को बाह्य परीक्षक की नियुक्ति का पत्र प्राप्त नही होता है तो परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र का प्रतिनिधि महाविद्यालय के प्राचार्य का अथॉरिटी लेटर देकर पत्र प्राप्त कर सकता है।

अतः समस्त संबंधित प्रायोगिक परीक्षा हेतु समस्त शिक्षा महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय के प्राचार्य अपने प्रतिनिधियों को संबंधित परीक्षा केन्द्रों पर भेजकर प्रायोगिक परीक्षा के अंक अनिवार्य रूप से ऑनलाईन अपडेट कराने में संबंधित केन्द्राध्यक्ष का सहयोग करें। अंक ऑनलाईन अपडेट न होने की स्थिति में उस महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम अनुपस्थित दर्शा कर घोषित किया जावेगा, जिसके लिए संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य स्वयं उत्तरदायी होंगे। ऑनलाईन किए गए अंकों की हार्डकॉपी (मूल प्रति) पर आंतरिक एवं बाह्य परीक्षकों के हस्ताक्षर कराकर दी गयी समयावधि में विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में जमा करें।

भ व दी य

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।

सहा0-कुलसचिव (परीक्षा/गोप0)